उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P.POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14—अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्याः 1145-गोपन-06/पाकालि/26-05-सा0गो0/2020 दिनांकः 24 मार्च, 2026

प्रबंध निदेशक,
पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०,
वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ, एवं, केस्को, कानपुर,
प्रबंध निदेशक,
उत्तर प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।

**विषयः- अभियंता/गैर अभियंता अधिकारियों एवं अवर अभियन्ताओं की प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 की ऑनलाइन वार्षिक गोपनीय आख्यायें ई०आर०पी पर ससमय भरे जाने के सम्बन्ध में।**

जैसा कि आप अवगत है कि आगामी 01 जुलाई 2026 से चयन वर्ष प्रारंभ हो रहा है, जिसमे चयन सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने हेतु अधिकारियों की प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 की वार्षिक गोपनीय आख्याये वांछित होगी, जिस हेतु निम्नवत निर्देशित किया जाता हैं:-

(1) उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लि० एवं सहयोगी वितरण निगमों व उत्तर प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि० में कार्यरत अभियन्ता/गैर-अभियन्ता अधिकारियों एवं अवर अभियन्ताओं की ऑनलाइन वार्षिक गोपनीय आख्याओं को ई०आर०पी० पर ऑनलाइन किये जाने, कार्मिकों द्वारा उसमें स्वमूल्यांकन किये जाने, प्रविष्टिकर्ता अधिकारियों-यथा प्रतिवेदक, समीक्षक/सहसमीक्षक, अन्तिम अधिकारी/अधिकारियों द्वारा उसमें ससमय मूल्यांकन किये जाने एवं वार्षिक गोपनीय आख्याओं में ससमय स्वमूल्यांकन/मूल्यांकन न किये जाने पर AUTO-FORWARD हो जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशानिर्देश, आदेश संख्या-450-गोपन-06/पा०का०लि/25 दिनांक 27 मार्च, 2025, संख्या-1860-गोपन-06/पा०का०लि/25 दिनांक 10 सितम्बर, 2025 एवं संख्या-1010-गोपन-06/पाकालि/26 दिनांक 17 मार्च, 2026 द्वारा निर्गत किये गये हैं।

(2) उपरोक्त के अनुपालन में, कार्मिकों द्वारा प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 की ई०आर०पी पर ऑनलाइन वार्षिक गोपनीय आख्यायें भरे जाने हेतु Timelines निम्नवत निर्धारित हैं:-

| प्रतिवेदी द्वारा स्वांकन प्रस्तुत किये जाने की तिथि | प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा मूल्यांकन कर अग्रसारित किये जाने की तिथि | समीक्षक अधिकारी द्वारा मूल्यांकन कर अग्रसारित किये जाने की तिथि | सहसमीक्षक अधिकारी (यदि हो तो), द्वारा मूल्यांकन कर अग्रसारित किये जाने की तिथि | अन्तिम अधिकारी द्वारा मूल्यांकन कर अग्रसारित किये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 15 अप्रैल, 2026 | 30 अप्रैल, 2026 | 15 मई, 2026 | 31 मई, 2026 | 15 जून, 2026 |

अतः उक्त के अनुपालन में, संलग्न निर्देशानुसार, सभी कार्मिकों एवं प्रविष्टिकर्ता अधिकारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक दशा में उक्त निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायें, जिससे कि कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी लाभ यथा स्थायीकरण, ए०सी०पी, विनियमितीकरण, प्रोन्नति के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही सम्भव हो सकें।

23/3/26

(आशीष कुमार गोयल)
अध्यक्ष

संख्याः 1145-गोपन-06/पाकालि/26-05-सा0गो0/2020 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लि०, लखनऊ।

(2) निजी सचिव, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लि०, लखनऊ।

(3) निदेशक(का०प्र०एवंप्रशा०) /निदेशक (वाणिज्य)/ निदेशक(वितरण)/ निदेशक(पारेषण)/ निदेशक (वित्त)/ निदेशक(तकनीकी)/ निदेशक(कारपोरेट प्लानिंग)/ निदेशक(कार्य एवं परियोजना)/ निदेशक(ऑपरेशन), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०/ उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०, लखनऊ।

(4) निदेशक(का०प्र० एवं प्रशा०), मध्यांचल वि०वि०नि०लि, लखनऊ/पूर्वांचल वि०वि०नि०लि, वाराणसी/ पश्चिमांचल वि०वि०नि०लि, मेरठ/ दक्षिणांचल वि०वि०नि०लि, आगरा/ केस्को, कानपुर।

(5) अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, एस०एल०डी०सी प्रांगण, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ।

(6) समस्त मुख्य अभियंता (स्तर 1/स्तर 2), उ०प्र० पॉवर कारपोरेशन लि०/ उ०प्र० पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०, लखनऊ।

(7) समस्त अधीक्षण अभियंता/अधिशाषी अभियंता/सहायक अभियंता/अवर अभियंता, उ०प्र० पॉवर कारपोरेशन लि०/ उ०प्र० पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०, लखनऊ।

(8) महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन)/उप-महाप्रबन्धक (लेखा-प्रशासन)/समस्त मुख्य लेखाधिकारी/समस्त उप मुख्य लेखाधिकारी/समस्त लेखाधिकारी/समस्त सहायक लेखाधिकारीगण, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०/उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

(9) महाप्रबन्धक (औद्यौगिक सम्बन्ध), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

(10) कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार के समस्त अधिकारीगण/अनुभाग/शिविर।

(11) समस्त नामित **Discom ACR Admin/Transco ACR Admin/Master ACR Admins** को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

(12) अधिशासी अभियन्ता (वेबसाइट), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को समस्त अधिकारियो को संज्ञानार्थ प्रेषित किये जाने हेतु उ०प्र०पा०का०लि० की वेबसाईट **www.uppcl.org** पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित है।

R Kumar

(रवि कुमार)
उपसचिव (गोपन)

## प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 हेतु ई०आर०पी में वार्षिक गोपनीय आख्या भरे जाने हेतु दिशानिर्देश

## कार्मिक के स्तर पर :-

1) सभी अभियंता एवं गैर-अभियंता अधिकारियो एवं अवर अभियंताओ की 31 मार्च रात्रि में प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 कि शेष वार्षिक गोपनीय आख्यायें ई०आर०पी पर Generate हो जाएँगी |
2) कार्मिको को अपनी वार्षिक गोपनीय आख्या ESS-Portal में ACR Application>>My ACR Application में अपने इनबॉक्स में प्रदर्शित होंगी |
3) निम्न परिस्थितियों में सम्बंधित अवधियो की वार्षिक गोपनीय आख्या Generate नहीं होगी :-
   क) अल्प अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्या Generate नहीं होगी, उसके स्थान पर System Generated "No Report Certificate" / NRC / अप्रतिवेदन प्रमाण पत्र Generate हो जायेंगे |
   ख) यदि किसी कार्मिक की Hierarchy में तीनो स्तरों यथा (प्रतिवेदक/समीक्षक/अंतिम अधिकारी) में से एक में भी किसी अधिकारी का विवरण नहीं होगा तो ऐसी ACR generate नहीं होंगी एवं निरस्त कर दी जाएँगी , कार्मिक को अपने Admin से संपर्क कर अपनी Hierarchy सही करानी होगा उसके उपरांत ही form generate होगा |
   ग) निलंबन अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्या Generate नहीं होगी, नियमानुसार उस अवधि का "No Report Certificate" / NRC / अप्रतिवेदन प्रमाण पत्र कारपोरेशन मुख्यालय से निर्गत किये जायेंगे तदोपरांत वे ई०आर०पी पर प्रदर्शित होंगे |
   घ) तीन माह से अधिक अवकाश (मातृत्व/उपार्जित/अध्यन आदि) अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्या Generate नहीं होगी, नियमानुसार उस अवधि का "No Report Certificate" / NRC / अप्रतिवेदन प्रमाण पत्र कारपोरेशन मुख्यालय से निर्गत किये जायेंगे तदोपरांत वे ई०आर०पी पर प्रदर्शित होंगे |

   उक्त के अतिरिक्त शेष अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्यायें Generate होंगी | यदि उपरोक्त अवधियो की वार्षिक गोपनीय आख्या इनबॉक्स में प्रदर्शित होती है तो DISCOM ADMIN से संपर्क कर संशोधन कराये जाने के उपरांत ही वार्षिक गोपनीय आख्या भरें |

4) अपने इनबॉक्स में प्रदर्शित वार्षिक गोपनीय आख्या में अपने ACR Request Number पर click कर कार्मिक को निम्न बिन्दुओ को पुष्ट करने के उपरांत ही वार्षिक गोपनीय आख्या भरनी है :-
   क) अपनी Hierarchy यथा प्रतिवेदक / समीक्षक-सह्समीक्षक(जहाँ लागू है)/ अंतिम अधिकारियो का विवरण |
   ख) वार्षिक गोपनीय आख्या एवं प्रविष्टिकर्ता अधिकारियों की अवधि का विवरण |
5) कार्मिक यदि यह पाते है कि बिंदु संख्या "3" एवं बिंदु संख्या "4" में उल्लिखित किसी भी विवरण में त्रुटी है तो वे सम्बंधित Discom Admin **(संलग्नक – क)** से संपर्क कर उक्त विवरण सही करा सकते है |
6) सभी कार्मिको को यह निर्देशित किया जाता है कि वे अपने पद अनुसार निर्धारित KPI एवं Hierarchy **(संलग्नक – ख)** में ही अपनी वार्षिक गोपनीय आख्या अग्रसारित करेंगे, इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाता है कि कार्मिक अपनी Hierarchy, 31 मार्च से पूर्व भी वार्षिक गोपनीय आख्या GENERATE होने से पहले भी DISCOM ADMIN से संपर्क कर EXCEPTION TABLE में UPDATE करवा सकते है |

7) यदि किसी कार्मिक द्वारा बिना अपनी Hierarchy चेक किये, गलत Hierarchy में ही अपनी ACR Submit कर दी जाती है, तो ऐसे में जिस अधिकारी के पास वे किसी भी स्तर पर गलत लंबित प्रदर्शित होंगी तो वे उसपर Wrong Hierarchy अंकित कर अपनी टिप्पणी कर सकेंगे, जिसके उपरांत कार्मिक की वार्षिक गोपनीय आख्या निरस्त कर दी जाएँगी, जिसका Notification कार्मिक को ई०आर०पी पर रजिस्टर्ड ई मेल पर प्राप्त होगा साथ ही सम्बंधित वार्षिक गोपनीय आख्या के निरस्त किये जाने का विवरण ESS-Portal में कार्मिक को यह अपने इनबॉक्स में भी प्रदर्शित होगा जिसमे स्टेटस REJECTED प्रदर्शित होगा , WRONG HIERARCHY के कारण निरस्त हुई वार्षिक गोपनीय आख्याओ में कार्मिक DISCOM ADMIN के माध्यम से अपनी HIERARCHY संशोधित करवाकर पुनः SUBMIT कर सकेंगे |
8) WRONG HIERARCHY के कारण निरस्त होने वाली वार्षिक गोपनीय आख्याओ की रिपोर्ट DISCOM ADMIN की आई०डी पर भी प्रदर्शित होंगी , एवं ऐसी आख्याओ में Hierarchy संशोधन की कार्यवाही उनके द्वारा सम्पादित की जाएगी, इसके अतिरिक्त कारपोरेशन स्तर से भी इस रिपोर्ट का अनुश्रवण करते हुए बिना HIERARCHY CHECK करें वार्षिक गोपनीय आख्या भरने पर प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाएगी |
9) यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिवेदी द्वारा ई०आर०पी पर निर्धारित समयावधि में ही स्वांकन भरा जाना चाहिए |
10) यदि किसी कार्मिक का "Annual property Return/APR" ई०आर०पी में submit में नहीं हुआ है तो वे अपनी वार्षिक गोपनीय आख्या भी submit नहीं कर सकेंगे |
11) प्रतिवेदी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी UPPCL.ORG अथवा UPPTCL.ORG Domain की ई०मेल आई उनकी सैप-आई डी के सापेक्ष update है चूँकि वार्षिक गोपनीय आख्या के सम्बन्ध में समस्त Notifications (यथा Rejections/Completions/Communication आदि) कार्मिको को उसी ई मेल आई डी पर प्रदर्शित होंगे |
12) ऐसे कार्मिक जिनका स्थानांतरण UPPCL से UPPTCL or Vice Versa हुआ हो जिसके कारण पूर्ववत तैनाती की ESS-FIORI का Access बंद हो गया हो , और उन्हें अपनी तत्कालीन अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्याओ में अपना स्वांकन करना हो, ऐसे कार्मिक कारपोरेशन मुख्यालय को निम्नानुसार संपर्क कर ESS-FIORI का Temporary Access सीमित अवधि के लिए प्राप्त कर सकते है |

| | |
|---|---|
| UPPCL से UPPTCL स्थानांतरण पर UPPCL ESS-FIORI के ACCESS हेतु | | Ds.gopan@uppcl.org |
| UPPTCL से UPPCL स्थानांतरण पर UPPTCL ESS-FIORI के ACCESS हेतु | | erp@upptcl.org |

**प्रविष्टिकर्ता अधिकारी (प्रतिवेदक/ समीक्षक-सह्समीक्षक / अंतिम अधिकारी) के स्तर पर**

1) प्रविष्टिकर्ता अधिकारियो को अधीनस्थ कार्मिको द्वारा भरी गयी वार्षिक गोपनीय आख्या अपने ESS-Portal में ACR Application>> ACR Remarks Application में अपने इनबॉक्स में प्रदर्शित होंगी |
2) प्रविष्टिकर्ता अधिकारी ACR Request Number पर Click करने के उपरांत निम्नानुसार कार्यवाही करेंगे :-

| | |
|---|---|
| **प्रतिवेदक अधिकारी** | प्रविष्टिकर्ता अधिकारी को निम्न Tab में अपना मूल्यांकन करना होगा :-<br>• Integrity<br>• Reporting officer Comment<br>• Overall Grading |
| **समीक्षक-सह्समीक्षक अधिकारी** | प्रविष्टिकर्ता अधिकारी को निम्न Tab में अपना मूल्यांकन करना होगा :-<br>• Integrity<br>• Officers Comment Review<br>• Overall Grading |
| **अंतिम अधिकारी** | प्रविष्टिकर्ता अधिकारी को निम्न Tab में अपना मूल्यांकन करना होगा :-<br>• Integrity<br>• Officers Comment Review<br>• Overall Grading |

3) प्रविष्टिकर्ता अधिकारी अधीनस्थ कार्मिको की वार्षिक गोपनीय आख्या में निर्धारित समयसारिणी अनुसार मूल्यांकन करना सुनिश्चित करेंगे , यदि प्रविष्टिकर्ता अधिकारी यह पाते है कि उनकी आई०डी पर किसी ऐसे कार्मिक की वार्षिक गोपनीय आख्या लंबित प्रदर्शित हो रही है जो उल्लिखित प्रतिवेदन अवधि में उनके अधीनस्थ कार्यरत नहीं रहे है, ऐसे में प्रविष्टिकर्ता अधिकारी Overall Grading एवं Integrity Tab में जाकर Wrong Hierarchy का विकल्प Select कर सकते है, जिसके उपरांत उस वार्षिक गोपनीय आख्या को निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जाएगी, उक्त वार्षिक गोपनीय आख्या निरस्त होने पर सम्बंधित कार्मिक को उसकी रजिस्टर्ड आधिकारिक ई०मेल पर Notification प्राप्त होगा |
4) ऑनलाइन ERP प्रणाली में प्रविष्टिकर्ता अधिकारी द्वारा "Wrong Hierarchy" विकल्प का चयन अत्यंत सावधानी एवं पूर्ण विचार-विमर्श के उपरांत ही किया जाए, यह संज्ञान में आया है कि कुछ प्रकरणों में उक्त विकल्प का चयन बिना उचित परीक्षण एवं कारण के किया जा रहा है, जो कि प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत गंभीर विषय है। साथ ही, इस प्रकार की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण संबंधित कार्मिक की वार्षिक गोपनीय आख्या (ACR) पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब उत्पन्न हो रहा है, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो

रही है। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि Overall Grading Tab में "Wrong Hierarchy" चयन किए जाने की स्थिति में Comment Box में उसका विस्तृत कारण/औचित्य स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा। उक्त टिप्पणी/कारण संबंधित कार्मिक एवं ACR Admins को ई-मेल के माध्यम से स्वतः संसूचित होंगे। अतः स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी भी प्रकरण में "Wrong Hierarchy" विकल्प का चयन बिना पर्याप्त औचित्य एवं सक्षम कारण के किया जाता है, अथवा निर्धारित व्यवस्थानुसार टिप्पणी अंकित नहीं की जाती है, तो संबंधित प्रविष्टिकर्ता अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

5) **<u>उत्कृष्ट एवं असंतोषजनक श्रेणी के सम्बन्ध में :-</u>**

कारपोरेशन के आदेश संख्या 3311-गोपन/राविप/06- 09-सा०गो/78 दिनांक 23.11.1993 में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप में प्रविष्टिकर्ता अधिकारियो द्वारा की जाने वाली उत्कृष्ट एवं असंतोषजनक टिप्पणियों के सम्बन्ध में निम्नवत स्पष्ट किया जाता है :-

क) कई प्रविष्टिकर्ता अधिकारियो द्वारा अधीनस्थ कार्मिको की वार्षिक गोपनीय आख्याओ में मूल्यांकन श्रेणी - उत्कृष्ट अथवा असंतोषजनक देने के उपरांत Comment Box में उपरोक्त मूल्यांकन देने के सम्बन्ध में कारण स्वरुप मात्र Outstanding या Poor लिखा जा रहा है , जो कि नियमसंगत नहीं है ऐसी टिप्पणी अंकित किये जाने पर Outstanding मूल्यांकन को Very Good एवं Poor मूल्यांकन को Satisfactory में वर्गीकृत किया जायेगा |

ख) उत्कृष्ट अथवा असंतोषजनक श्रेणी में मूल्यांकन किये जाने हेतु Comment Box में उपरोक्त मूल्यांकन देने के सम्बन्ध में उसका युक्तियुक्त कारण देना अनिवार्य है |

6) प्रायः यह देखा जा रहा है कि वार्षिक गोपनीय आख्या में प्रतिवेदी की सत्यनिष्ठा अंकित किये जाने में कई प्रविष्टिकर्ता अधिकारियो द्वारा त्रुटी की जा रही है, किसी भी कार्मिक की वार्षिक गोपनीय आख्या में सत्यनिष्ठा का रोका जाना अथवा सत्यनिष्ठा अप्रमाणित रखना उनके सेवा सम्बन्धी लाभों में प्रतिकूल प्रभाव डालता है अतः प्रविष्टिकर्ता अधिकारी Integrity Tab में सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र में अंकन कारपोरेशन के आदेश संख्या 450/गोपन-06-05-सा०गो/20 दिनांक 27.03.2025 में दी गयी व्यवस्थानुसार ही करेंगे |

7) ऐसे प्रविष्टिकर्ता अधिकारी जिनका स्थानांतरण UPPCL से UPPTCL or Vice Versa हुआ हो जिसके कारण पूर्ववत तैनाती की ESS-FIORI का Access बंद हो गया हो , और उन्हें अपने अधीनस्थ कार्मिको की वार्षिक गोपनीय आख्याओ में मूल्यांकन करना हो, ऐसे प्रविष्टिकर्ता अधिकारी कारपोरेशन मुख्यालय को निम्नानुसार संपर्क कर ESS-FIORI का Temporary Access सीमित अवधि के लिए प्राप्त कर सकते है |

| | |
|---|---|
| UPPCL से UPPTCL स्थानांतरण पर UPPCL ESS-FIORI के ACCESS हेतु | | Ds.gopan@uppcl.org |
| UPPTCL से UPPCL स्थानांतरण पर UPPTCL ESS-FIORI के ACCESS हेतु | | erp@upptcl.org |

8) प्रविष्टिकर्ता अधिकारियो के स्तर पर लंबित वार्षिक गोपनीय आख्या निम्न परिस्थितियों में Autoforward हो जाएँगी :-

   क) प्रविष्टिकर्ता अधिकारी के निलंबित होने पर |

   ख) प्रविष्टिकर्ता अधिकारी की सेवानिवृत तिथि से एक माह बाद वार्षिक गोपनीय आख्या प्राप्त होने पर |

   ग) प्रविष्टिकर्ता अधिकारी की मूल्यांकन अवधि 03 माह से कम होने पर |

9) जिन पदों हेतु वार्षिक गोपनीय आख्याओ में प्रविष्टिकर्ता अधिकारी अध्यक्ष, उ०प्र०पा०का०लि/ प्रबंध निदेशक, उ०प्र०पा०का०लि / प्रबंध निदेशक, उ०प्र०पा०का०ट्रां०लि / प्रबंध निदेशक, वितरण निगम निर्धारित है, वहां उनके उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लि० से भारत सरकार/ राज्य सरकार के अन्यत्र विभागों में स्थानांतरण हो जानें के उपरांत Separation तिथि से आगामी एक वर्ष तक ESS-FIORI प्रणाली पर वार्षिक गोपनीय आख्या में मूल्यांकन किये जाने हेतु Access उपलब्ध रहेगा |

# संलग्नक – “क”

# उ०प्र०पा०का०लि एवं वितरण निगमों व उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि द्वारा नामित Master ACR Admin व Discom ACR Admin का विवरण

**अभियंता एवं गैर अभियंता अधिकारियो एवं अवर अभियंताओ हेतु :-**
**(दिनांक - 24 MARCH 2026)**

| कार्यभार | तैनाती स्थान (डिस्कॉम/मुख्यालय) | पदनाम | वर्तमान नामित अधिकारी | सैप आई०डी | Contact Number | ई०मेल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **MASTER ACR ADMIN (OFFICERS)** | शक्ति भवन (मुख्यालय) | उपसचिव (गोपन) | श्री रवि कुमार | 11001589 | 9453005831<br>0522-2218518 | ds.gopan@uppcl.org | |
| **MASTER ACR ADMIN (NON ENGG OFFICERS)** | शक्ति भवन (मुख्यालय) | उपसचिव (गोपन) | श्री विवेक कुमार | 15000410 | 9454468974<br>0522-2218518 | vivek.kumar2@uppcl.org | |
| **MASTER ACR ADMIN (JUNIOR ENGINEEERs)** | मुख्य अभियंता (हैडिल) कार्यालय, शक्ति भवन (मुख्यालय) | वैयक्तिक सहायक – पंचम एवं अधिशासी अभियंता | श्री बनवारी लाल आनंद | 11002546 | 0522-2218279<br>0522-2218294 | pa5.hydel@uppcl.org | मुख्य अभियंता (हैडिल) कार्यालय पत्रांक संख्या I/34569/2025 - अनु०प्रथम/CEH/2024 दिनांक 17/12/25 द्वारा नामित | |
| DISCOM ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड , लखनऊ | अधिशाषी अभियंता (म०सं० एवं प्रशा) | सुश्री नीति मिश्रा | 11002579 | 7007442998 | se.hr@mvvnl.org | 506-प्र०नि/मविविनिलि/ई-1/2बी -2टी/ कार्य आवंटन दिनांक 20 .05 .2025 द्वारा नामित |
| DISCOM ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड , मेरठ | अधिशाषी अभियंता (एच०आर) | श्री माज /<br>श्री जीतेन्द्र कुमार | 11007919/<br>11002202 | 9193330091 /<br>9193330021 | Ce.hr@pvvnl.org/<br>se.hr@pvvnl.org | 373 /प्र०नि /पविविनिलि / मे ०/एच०आर दिनांक 23.01.2025 द्वारा नामित |
| DISCOM ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड , वाराणसी | अधिशाषी अभियंता | श्री लवलेश कुमार रेखा | 11006182 | 8545935896 | ee.hq@puvvnl.in | 1281 /पूविविनिलि (वा)/ मुख्या०/ई-1 (आई०एम) दिनांक 23.05.2025 द्वारा नामित |
| DISCOM ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड , आगरा | अधिशाषी अभियंता (प्रशा०) | श्री राकेश कुमार | 11007635 | 9412725024 | ee.admin@dvvnl.org | 3268/ प्र०नि/का०प्र/ दिनांक 25.09.2025 द्वारा नामित |
| DISCOM ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | केस्को , कानपुर | अधिशाषी अभियंता (IT & Digitization) | श्री सर्वेश पाण्डेय | 11002295 | 9838074858 | xen.itcell@kesco.org.in | एस०जी-2/374 दिनांक 04.02.2025 द्वारा नामित |
| TRANSCO ACR ADMIN (JE / OFFICERS) | उत्तर प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड | उपसचिव (पारेषण-द्वि) | श्री अवनीश कुमार त्रिवेदी | 11003137 | 9936701510 | ds02@upptcl.org | 195-पारे०अनु-01/पाट्राकालि-4(12)/2025 दिनांक 03 मार्च 2025 द्वारा नामित |

**नोट :- अधिकारियो के बदले जाने की स्थिति में उपरोक्त सूचना तदनुसार परिवर्तित होगी |**

# संलग्नक – “ख”

**<u>उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड एवं वितरण निगमों में कार्यरत अभियंता एवं गैर अभियंता अधिकारियो व अवर अभियंताओ की वार्षिक गोपनीय आख्याओ में मूल्याकन किये जाने हेतु प्रतिवेदक /समीक्षक –सह समीक्षक / अंतिम अधिकारी निम्नवत निर्धारित है</u>**

## अवर अभियंता (वितरण निगमों में कार्यरत)

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|
| अवर अभियंता (वितरण) | उपखण्ड अधिकारी | अधिशाषी अभियंता (वितरण) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) |
| अवर अभियंता (मीटर/परीक्षण) | सहायक अभियंता (मीटर/परीक्षण) | अधिशाषी अभियंता (परीक्षण खंड) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) |
| अवर अभियंता (कार्यशाला) | सहायक अभियंता (कार्यशाला) | अधिशाषी अभियंता (कार्यशाला) | अधीक्षण अभियंता (कार्यशाला) |
| अवर अभियंता (माध्यमिक कार्य) | सहायक अभियंता (माध्यमिक कार्य) | अधिशाषी अभियंता (माध्यमिक कार्य) | अधीक्षण अभियंता (माध्यमिक कार्य) |
| अवर अभियंता (जानपद) | सहायक अभियंता (जानपद) | अधिशाषी अभियंता (जानपद) | अधीक्षण अभियंता (जानपद) |
| अवर अभियंता ( सम्बद्ध /शेष अन्य पदों पर)* | सहायक अभियंता /अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) | सहायक अभियंता /अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) | सहायक अभियंता /अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) |

## सहायक अभियंता (वितरण निगमों में कार्यरत)

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|
| उपखण्ड अधिकारी | अधिशाषी अभियंता (वितरण) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) | मुख्य अभियंता (वितरण) |
| सहायक अभियंता (मीटर/परीक्षण) | अधिशाषी अभियंता (परीक्षण खंड) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) | मुख्य अभियंता (वितरण) |
| सहायक अभियंता (कार्यशाला) | अधिशाषी अभियंता (कार्यशाला) | अधीक्षण अभियंता (कार्यशाला) | मुख्य अभियंता (वितरण) |
| सहायक अभियंता ( भंडार ) | अधिशाषी अभियंता (भंडार) | अधीक्षण अभियंता (भंडार) | मुख्य अभियंता (वितरण) |
| सहायक अभियंता (सामग्री प्रबंध) | अधिशाषी अभियंता (सामग्री प्रबंध) | अधीक्षण अभियंता (सामग्री प्रबंध) | मुख्य अभियंता (सामग्री प्रबंध) |
| सहायक अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | अधिशाषी अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | अधीक्षण अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | मुख्य अभियंता (वितरण) |
| सहायक अभियंता (जानपद) | अधिशाषी अभियंता (जानपद) | अधीक्षण अभियंता (जानपद) | मुख्य अभियंता (जानपद) |
| सहायक अभियन्ता (सम्बद्ध /शेष अन्य पदों पर) | अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) | अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) | अधिशाषी अभियंता / अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता (जैसी भी स्थिति हो) |

## अधिशाषी अभियंता (वितरण निगमों में कार्यरत)

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| अधिशाषी अभियंता (वितरण) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (वाणिज्य) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (परीक्षण खंड) | अधीक्षण अभियंता (वितरण) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (वाणिज्य) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (कार्यशाला) | अधीक्षण अभियंता (कार्यशाला) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (भंडार) | अधीक्षण अभियंता (भंडार) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (सामग्री प्रबंध) | अधीक्षण अभियंता (सामग्री प्रबंध) | मुख्य अभियंता (सामग्री प्रबंध)/ निदेशक (तकनीकी) (जैसी भी स्थिति हो) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | अधीक्षण अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (जानपद) | अधीक्षण अभियंता (जानपद) | मुख्य अभियंता (जानपद) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |
| अधिशाषी अभियंता (सम्बद्ध पदों पर) | अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता (सम्बंधित ,जैसी भी स्थिति हो) | मुख्य अभियंता (सम्बंधित)/ निदेशक (जिसके अधीन कार्यरत है) (जैसी भी स्थिति हो) | निदेशक (जिसके अधीन कार्यरत है) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) |

## अधीक्षण अभियंता (वितरण निगमों में कार्यरत)

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| अधीक्षण अभियंता (वितरण मंडल) | मुख्य अभियंता (वितरण) | निदेशक (वाणिज्य)<br>निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (कार्यशाला) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (भंडार) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (सामग्री प्रबंध) | मुख्य अभियंता (सामग्री प्रबंध)/ निदेशक (तकनीकी) (जैसी भी स्थिति हो) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (माध्यमिक कार्य ) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (जानपद) | मुख्य अभियंता (जानपद)/ निदेशक (तकनीकी) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | अध्यक्ष |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (जैसी भी स्थिति हो) | | | |
| अधीक्षण अभियंता (सम्बद्ध पदों पर कार्यरत) | मुख्य अभियंता (सम्बंधित)/ | निदेशक (जिसके अधीन कार्यरत है) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | अध्यक्ष |

## मुख्य अभियंता (वितरण निगमों में कार्यरत)

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) | निदेशक (वाणिज्य) | निदेशक (तकनीकी) | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| मुख्य अभियंता (स्तर 1/ स्तर 2 )/ सम्बद्ध पदों पर | निदेशक (जिसके अधीन तैनाती है) | | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| मुख्य अभियंता (सामग्री प्रबंध) | निदेशक (तकनीकी) | | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |
| मुख्य अभियंता (जानपद) | निदेशक (तकनीकी) | | प्रबंध निदेशक (वितरण निगम) | - | अध्यक्ष |

*5111 – गोपन/पाकालि /2017- 06-सा०गो०/2001 दिनांक 29.08.2017 एवं

1600-गोपन(06)/पाकालि/2024-06-सा०गो०/2001 दिनांक 30.03.2024 में निहित व्यवस्थानुसार |

## शक्ति भवन (मुख्यालय)/ शक्ति भवन विस्तार में कार्यरत अधिकारियो हेतु :-

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| स्टाफ ऑफिसर (जिस भी पद के हो) | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है | - | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है |
| सहायक अभियंता (सम्बंधित) | अधिशाषी अभियंता (सम्बंधित) | अधीक्षण अभियंता (सम्बंधित) | - | मुख्य अभियंता (सम्बंधित) |
| सहायक अभियंता (मुख्यालय) | संयुक्त सचिव (सचिवालय प्रशासन) | संयुक्त सचिव (सचिवालय प्रशासन) | - | अपर सचिव (प्रथम) |
| अवर अभियंता (मुख्यालय) | सहायक अभियंता (मुख्यालय) | संयुक्त सचिव (सचिवालय प्रशासन) | - | अपर सचिव (प्रथम) |
| अनुभाग अधिकारी | अनु-सचिव / उपसचिव | संयुक्त सचिव | - | अपर सचिव |
| अधिशाषी अभियंता / अनुसचिव / उपसचिव | अधीक्षण अभियंता /संयुक्त सचिव | मुख्य अभियंता / अपर सचिव | - | निदेशक (सम्बंधित इकाई) |
| अधीक्षण अभियंता/ अधीक्षणअभियंता(सम्बद्ध) /संयुक्त सचिव एवं समकक्ष अधिकारी | मुख्य अभियंता / अपर सचिव एवं समकक्ष अधिकारी | निदेशक (सम्बंधित इकाई) | प्रबंध निदेशक | अध्यक्ष |
| मुख्य अभियंता / मुख्य अभियंता(सम्बद्ध)/ अपर सचिव एवं समकक्ष अधिकारी | निदेशक (सम्बंधित इकाई) | प्रबंध निदेशक | - | अध्यक्ष |
| कार्मिक अधिकारी | वरिष्ट कार्मिक | उप महाप्रबंधक | - | महाप्रबंधक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अधिकारी | | | |
| वरिष्ट कार्मिक अधिकारी | उप महाप्रबंधक | महाप्रबंधक | - | निदेशक (सम्बंधित इकाई) |
| उप महाप्रबंधक | महाप्रबंधक | निदेशक (सम्बंधित इकाई) | प्रबंध निदेशक | अध्यक्ष |
| महाप्रबंधक | निदेशक (सम्बंधित इकाई) | प्रबंध निदेशक | - | अध्यक्ष |
| प्रमुख निजी सचिव/ निजी सचिव(विशेष श्रेणी/ निजी सचिव-श्रेणी 2 एवं निजी सचिव- श्रेणी-1 | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है | - | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनाती है |
| क्रीडा अधिकारी | अनु सचिव / उपसचिव (सम्बंधित) | संयुक्त सचिव (अराजपत्रित) | - | अपर सचिव – तृतीय |
| कंपनी सचिव | प्रबंध निदेशक | प्रबंध निदेशक | - | अध्यक्ष |
| विधि अधिकारी | निदेशक (का०प्र एवं प्रशा) | प्रबंध निदेशक | - | अध्यक्ष |
| उप विधि अधिकारी | विधि अधिकारी | विधि अधिकारी | - | निदेशक (का०प्र एवं प्रशा) |
| सहायक विधि अधिकारी | उप विधि अधिकारी | विधि अधिकारी | - | निदेशक (का०प्र एवं प्रशा) |
| जन संपर्क अधिकारी | सम्बंधित अधिकारी जिसके अधीन तैनात है| | - | - | निदेशक (का०प्र एवं प्रशा) |

*कारपोरेशन के आदेश संख्या 14300-गोपन-06/पाकालि/2001 – 06-सा०गो०2001 दिनांक 01.01.2002 एवं
6375-गोपन/पाकालि/07- 14-सा०गो०/96 दिनांक 12 नवम्बर 2007 व
1081- गोपन-06/पाकालि/18-06-सा०गो०/01 दिनांक 25 अप्रैल 2018 में निहित व्यवस्थानुसार

## उत्तर प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि ० में कार्यरत अभियंता अधिकारियो हेतु :-

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **सह-समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता (स्तर 1/ स्तर 2) | निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) (जिसके अधीन तैनाती हो) | प्रबंध निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) | - | अध्यक्ष |
| अधीक्षण अभियंता (क्षेत्रो में तैनात) | मुख्य अभियंता (सम्बंधित पारेषण क्षेत्र) | निदेशक (ऑपरेशन) (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) | निदेशक (कार्य एवं परियोजना) (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) | प्रबंध निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) |
| अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय में तैनात) | मुख्य अभियंता (सम्बंधित पारेषण क्षेत्र) / सम्बद्ध निगम मुख्यालय (जैसी भी स्थिति हो) | संबधित निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) | - | प्रबंध निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) |
| अधिशाषी अभियंता | अधीक्षण अभियंता , सम्बंधित पारेषण मंडल / सम्बद्ध (जैसी भी स्थिति हो) | मुख्य अभियंता सम्बंधित पारेषण क्षेत्र / सम्बद्ध निगम मुख्यालय (जैसी भी स्थिति हो) | - | संबधित निदेशक (उ0प्र०पा०ट्रा०का०लि) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सहायक अभियंता | अधिशाषी अभियंता, सम्बंधित पारेषण खंड/ सम्बद्ध (जैसी भी स्थिति हो) | अधीक्षण अभियंता , सम्बंधित पारेषण मंडल / सम्बद्ध (जैसी भी स्थिति हो) | - | मुख्य अभियंता सम्बंधित पारेषण क्षेत्र / सम्बद्ध निगम मुख्यालय (जैसी भी स्थिति हो) |

* उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि आदेश संख्या 1840/पारे०अनु-01/पाट्राकालि-2024 दिनांक 19 अक्टूबर 2024 में निहित व्यवस्थानुसार

## सतर्कता इकाई में कार्यरत अभियंता अधिकारियो हेतु :-

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **सह-समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|---|
| अवर अभियंता | अपर पुलिस अधीक्षक (डिस्कॉम) | ---- | ---- | पुलिस अधीक्षक |
| अधिशाषी अभियंता | पुलिस अधीक्षक | पुलिस उप महानिरीक्षक | ---- | अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) |
| अधीक्षण अभियंता | पुलिस अधीक्षक | पुलिस उप महानिरीक्षक | ---- | अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) |

*सतर्कता इकाई के कार्यालय आदेश संख्या डी०जी(सत०)- परिपत्र स० 05/2021 दिनांक 06 मार्च 2021 ने निहित व्यवस्थानुसार

# लेखा स्कंध के विभिन्न अधिकारियो हेतु (उ०प्र०पा०का०लि एवं वितरण निगमों में कार्यरत)

कारपोरेशन के आदेश संख्या 6243 – गोपन(06) /पाकालि/16- 24- सा०गो०/04 दिनांक 21.10.2016 में निहित व्यवस्थानुसार

**क) वितरण निगम मुख्यालय कार्यालय :-**

यदि निदेशक(वित्त) तैनात है तथा मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) तथा महाप्रबंधक(लेखा) तैनात है :-

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | निदेशक (वित्त) | प्रबंध निदेशक | ---- | अध्यक्ष |
| महाप्रबंधक(लेखा) | निदेशक (वित्त) | प्रबंध निदेशक | ---- | अध्यक्ष |

**ख) वितरण निगम मुख्यालय कार्यालय :-**

यदि निदेशक(वित्त) तैनात नहीं है मात्र मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) तथा महाप्रबंधक(लेखा) तैनात है :-

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | प्रबंध निदेशक | प्रबंध निदेशक | ---- | अध्यक्ष |
| महाप्रबंधक(लेखा) | मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | प्रबंध निदेशक | ---- | अध्यक्ष |

**ग) वितरण निगम मुख्यालय कार्यालय :-**

निदेशक(वित्त) तैनात नहीं है मात्र महाप्रबंधक(लेखा) तैनात है :-

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक(लेखा) | प्रबंध निदेशक | प्रबंध निदेशक | ---- | अध्यक्ष |

**घ) वितरण निगम मुख्यालय कार्यालय :-**

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (लेखा) | महाप्रबंधक (लेखा) अथवा मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात हो | निदेशक (वित्त) | प्रबंध निदेशक | अध्यक्ष |
| उपमुख्य लेखाधिकारी | उप महाप्रबंधक (लेखा)/ महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात हो | प्रतिवेदक अधिकारी से उच्च पद धारी अथवा उपलब्ध महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | निदेशक (वित्त) यदि तैनात है अन्यथा महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात है | प्रबंध निदेशक |
| वरिष्ट लेखाधिकारी | सम्बंधित उप महाप्रबंधक (लेखा)/ महाप्रबंधक (लेखा) | महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात है यदि दोनों तैनात नहीं है तो निदेशक (वित्त) | निदेशक (वित्त) यदि तैनात है अन्यथा महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात है | प्रबंध निदेशक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लेखाधिकारी | मुख्यालय के सम्बंधित वरिष्ट लेखाधिकारी , उपमुख्य लेखाधिकारी अथवा मुख्यालय के उप महाप्रबंधक (लेखा) | उप महाप्रबंधक (लेखा) /महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात है | ---- | महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा)/ निदेशक (वित्त) जो तैनात है |
| सहायक लेखाधिकारी | सम्बंधित लेखाधिकारी / वरिष्ट लेखाधिकारी / उपमुख्य लेखाधिकारी जो तैनात हो | उप महाप्रबंधक (लेखा) | ---- | महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा)/ निदेशक (वित्त) जो तैनात है |

**ड) <u>वितरण निगम मुख्यालय कार्यालय:-</u>**
**परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय के अधिकारी**

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **सह-समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|---|
| उपमुख्य लेखाधिकारी | मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) | निदेशक (वित्त)/ यदि तैनात नहीं है तो लेखा शाखा के शीर्ष पदाधिकारी महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | ---- | प्रबंध निदेशक |
| वरिष्ट लेखाधिकारी | उपमुख्य लेखाधिकारी / मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) | निदेशक (वित्त), यदि तैनात नहीं है तो वितरण निगमों के महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) | ---- | प्रबंध निदेशक |
| लेखाधिकारी | उपमुख्य लेखाधिकारी | उप महाप्रबंधक (लेखा) /महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा) जो तैनात है | ---- | महाप्रबंधक (लेखा) / मुख्य महाप्रबंधक(लेखा)/ निदेशक (वित्त) जो तैनात है |
| सहायक लेखाधिकारी | परि०ले०का के लेखाधिकारी | उपमुख्य लेखाधिकारी | ---- | मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) |

**च) <u>मंडल कार्यालय में तैनात अधिकारी</u>**

| **पदनाम/ तैनाती** | **प्रतिवेदक अधिकारी** | **समीक्षक अधिकारी** | **सह-समीक्षक अधिकारी** | **अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी** |
|---|---|---|---|---|
| लेखाधिकारी | अधीक्षण अभियंता | उपमुख्य लेखाधिकारी (सम्बन्धी परि०ले०का) | ---- | मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) |
| सहायक लेखाधिकारी | अधीक्षण अभियंता | उपमुख्य लेखाधिकारी (सम्बन्धी परि०ले०का) | ---- | मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) |

छ) <u>खंडीय कार्यालय में तैनात  अधिकारी</u>

| पदनाम/ तैनाती | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक अधिकारी | सह-समीक्षक अधिकारी | अंतिम/स्वीकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| सहायक लेखाधिकारी | अधिशाषी अभियंता | उपमुख्य लेखाधिकारी (सम्बन्धी परि०ले०का) | ---- | मुख्य अभियंता (वितरण क्षेत्र) |

टिप्पणी :- लेखा संवर्ग के अधिकारियो की वार्षिक गोपनीय आख्याओ में लेखा संवर्ग के एक अधिकारी (प्रतिवेदक अथवा समीक्षक अथवा अंतिम अधिकारी के रूप में) द्वारा प्रविष्टि कराया जाना अनिवार्य है |

**नोट :-** जिन पदों पर किसी प्रविष्टिकर्ता अधिकारी के तैनात न होने के कारण पद रिक्त है ऐसे में अगले स्तर के अधिकारी द्वारा वह मूल्यांकन किया जायेगा, यदि प्रतिवेदी अंतिम अधिकारी से ऊपर पद के किसी अधिकारी से सम्बद्ध है ऐसी स्थिति को छोड़कर शेष किसी भी परिस्थिति में अंतिम अधिकारी से ऊपर के अधिकारियो द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जायेगा, यदि अंतिम अधिकारी का पद रिक्त है उसे रिक्त इंगित करते हुए ही ACR लिखी जाएगी, और इस तरह की सभी Hierarchy ERP पर अपडेट कराये जाने के उपरांत ही ACR भरी जाएगी |

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अधिकारी जो उपरोक्त व्यवस्था के इतर सीधे किसी अन्य निदेशक / प्रबंध निदेशक से सम्बद्ध होंगे तो उनके प्रतिवेदक सम्बंधित निदेशक/ प्रबंध निदेशक होंगे तदनुसार वार्षिक गोपनीय अख्याओ में मूल्यांकन कराया जाना सुनिश्चित करें |